तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 31 मई 2024

12 शासन की मंशा साफ, मेला मैदान के लिए दी 54 ...

14 बिजली विहीन ग्रामों के लिए सोलर हाईमास्ट...

खबर संक्षेप

10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

गरियाबंद। जिले में एक छात्रा ने जंगल में जाकर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि 10वीं कक्षा में फेल होने से छात्रा काफी परेशान थी। जिससे उसने ये आत्मघाती कदम उठाया है। यह मामला बिंद्रानवागढ़ चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बिंद्रानवागढ़ चौकी बोईरबेड़ा गांव निवासी छात्रा मालती नेताम आज सुबह घर से निकली और पास के जंगल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने लटकते शव को देखा और परिजनों को सूचना दी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पीएम करने गरियाबंद ले आई है। परिजनों ने बताया कि छात्रा मालती नेताम 10वीं के रिजल्ट में फेल होने के बाद से लगातार परेशान रहती थी। घटना के बाद से घर में मातम पसरा हुआ है।

जहर सेवन करने से युवक की मौत

महासमुंद। जहर सेवन करने से मौत के मामले में सांकरा थाना में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी को किशोर प्रधान पिता गहन प्रधान 34 साल निवासी सरायपाली ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

अवैध शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने 28 मई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाण्डेपाली से आरोपी चुम्मन निषाद पिता सेतुराम 33 साल से शराब बिक्री करने वास्ते रखे 3 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 600 रूपए को जब्त कर आबकारी एक्ट धारा 34 (1) का अपराध कायम कर कार्यवाही में लिया गया है।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया और कोटेनदरहा के बीच सड़क पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से बारात में आए युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल को रूपसिंग जगत ग्राम बिछिया बारात गया था। रात करीब 10:30 बजे रोड़ पार करते समय उसे ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 जीइ 1553 ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

शराब का परिवहन करते दो लोग गिरफ्तार

महासमुंद। पटेवा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिरको से कमल जोशी पिता इतवारी जोशी 19 साल ग्राम पचरी एवं उनके एक अन्य साथी को अवैध रूप से मोटर साइकिल से 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 6000 रूपए को परिवहन करते मिला। पुलिस ने अवैध शराब के जब्त कर आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस रिमांड़ पर जेल भेजा गया है।

सिंघनपुर चौक में 15 लीटर शराब जब्त

महासमुंद। बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सिंघनपुर चौक के पास से 15 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है।

देहारगुडा पंचायत अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग, सरपंच ने बचा ली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देहारगुडा के सरपंच श्रीमती डिगेश्वरी साण्डे के विरूद्ध पंचो द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाए गये थे लेकिन आज वोंटिग के बाद सरपंच डिगेश्वरी साण्डे ने अपनी सरपंच की कुर्सी बचाने में सफल रही।

अलग खबर

जनपद पंचायत मैनपुर के निर्वाचन शाखा के रीडर पतिराम साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत देहारगुडा के पंचो ने ग्राम पंचायत सरपंच डिगेश्वरी साण्डे के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर को 13 मई को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिसमें पंचो ने आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत के सरपंच डिगेश्वरी साण्डे द्वारा नियमित बैठक नहीं बुलाया जाता, जीडीपी के कार्ययोजना को बगैर ग्राम पंचायत प्रस्ताव व अपने मर्जी से बनाया रहा है निराश्रित पेंशन हितग्राहियों को समय पर पेंशन भुगतान नहीं किया जाता, सरपंच के जगह उनके पति द्वारा कार्य किया जाता है यह आरोप लगाते हुए, अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया गया था, जिसके पश्चात कार्यवाही प्रारंभ की गई और 21 मई को पंचो का बयान एवं हस्ताक्षर मिलान किया 22 मई को सूचना जारी किया गया एंव विधिवत आज 30 मई को ग्राम पंचायत देहारगुडा में सुबह 11 बजे सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव सम्मेलन का आयोजन ▶▶| शेष पेज 12 पर

पीठासीन अधिकारी एसडीएम डॉ. तुलसीदास की उपस्थिति में हुआ मतदान

विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है : सरपंच

ग्राम पंचायत देहारगुडा के सरपंच डिगेश्वरी साण्डे ने कहा कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार साबित हुआ और पंचो ने विश्वास जताते हुए उन्हे फिर भारी बहुमत के साथ सरपंच की जिम्मेदारी सौपी है। उन्होने कहा कि जनता के द्वारा उन्हे ग्राम पंचायत देहारगुडा के विकास के लिए सरपंच चुना गया है और देहारगुडा पंचायत के विकास के लिए लगातार उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है, उन्होने सभी पंचो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ मुझ पर आप लोगों ने भरोसा जताया है उस उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी।

समस्या: नगर के राजीव चौंक, साहू पारा, गांधी चौंक, बस स्टैंड और पटेल पारा में जल संकट गहराया

नपं कोपरा में पानी के लिए मचा हाहाकार

बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भीषण गर्मी में नगर पंचायत कोपरा के 15 हजार आबादी पेयजल संकट से जूझ रहा है। नगर में बहुत से जगहों के घरेलू नल और सार्वजनिक नल में पानी नहीं आ रहा है और पानी आ भी रहा है तो वह पर्याप्त नहीं है। नगर के राजीव चौंक साहू पारा गांधी चौंक बस स्टैंड और गड़ाहि पारा पटेल पारा में जल संकट गहराया हुआ है।

नगरवासी बेदू साहू, खिल्लू साहू, तुगन साहू एवं बेदराम साहू ने बताया कि भीषण गर्मी में नल से पानी नहीं मिल रहा है। दिन भर में बमुश्किल 3 से 4 गुंडी पानी मिल रहा है। बहुत घरों के नल में पानी नहीं आ रहा है। इसकी सूचना पीएचई विभाग के अधिकारी को भी दे चुके है लेकिन कोई लाभ नहीं मिल रहा।

हालांकि नगर पंचायत कोपरा दिन में दो टाइम नल में पनी दे रहा है। इसके बावजूद यह पर्याप्त नहीं हैं। वर्तमान में पेयजल आपूर्ति के लिए दो अलग अलग पानी टंकी है। इन्ही पानी टंकी के भरोसे कोपरा की जनता अब तक प्यास बुझा रही हैं। नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना के कार्य स्वीकृत है। इस योजना के तहत विगत वर्षों से नगरवासी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने पाइप लाइन और पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। पीएचई विभाग के द्वारा लगभग 1 करोड़ के इस योजना को पूर्ण करने बालाजी कंट्राक्शन रायपुर को ठेका पर दिया गया है। जब से काम शुरू हुआ है तब से लेकर अब तक सिवाय परेशानी के नगर के लोगो को कुछ नहीं मिला है।

कॉल अटेंड नहीं किया

लोग स्वास्थ्य यत्रिकी विभाग के ईई को इस संबंध जानकारी लने संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन कॉल भी अटेंड नहीं किया।

पाइप लाइन विस्तार कार्य में गुणवत्ताहीन पाइप बिछाया

गौरतलब है कि केंद्र सरकार हर घर नल योजना के तहत सभी घरों में स्वच्छ पानी उपलब्ध करने योजना शुरू की है। जल जीवन मिशन योजना कोपरा में वर्ष 2022 से काम शुरू हुआ है। पेयजल आपूर्ति करने नगर के 1200 घरों में नए कनेक्शन लगाए गए हैं। पाइप लाइन विस्तार कार्य में गुणवत्ताहीन पाइप बिछाए गए है। इसी तरह पाइप को बगैर कोई प्लानिंग के मनमर्जी से गली के कांक्रीट रोड को तोड़ कर डाला गया है। जिसके चलते गली मोहल्ले की हालात बेहद खराब स्थिति में है। बारिश के दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

पानी टंकी बना शो पीस

जल जीवन मिशन योजना में दो जगह बस स्टैण्ड और भाठापारा में सब स्टेशन के पास पानी टंकी का निर्माण किया गया है। पानी टंकी में बकायदा रंग रोगन भी हुआ है। किंतु इन पानी टंकी से एक बूंद पानी यहां के जनता को नसीब नहीं हुए है। महज पानी टंकी नगर में शो पीस बन कर रह गया है। पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इस योजना को लेकर तनिक भी गंभीर नहीं हैं। विभागीय अधिकारी के गैर जिम्मेदारी के चलते बूंद बूंद पानी लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है।

जिले में डायलिसिस व कीमोथेरेपी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ मरीजों के लिये 6 एवं कीमोथेरेपी के मरीजों के लिये 2 बिस्तर की सुविधा

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के विशेष पहल से शासन के मंशानुरूप जिला मुख्यालय गरियाबंद में किडनी और कैंसर के मरीजों के लिये आवश्यक जांच सहित डायलिसिस और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं शुरु हो चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल गरियाबंद का उन्नयन कर किडनी मरीजों के लिए आवश्यक डायलिसिस यूनिट की स्थापना एवं संचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही कैंसर मरीजों के लिए कीमोथेरेपी यूनिट भी प्रारंभ किया गया है। पूर्व में यह यूनिट जिला चिकित्सालय गरियाबंद में संचालित था, जिसे स्थानांतरित कर डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में पुनः प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि डायलिसिस हेतु मरीजों के लिये 6 बिस्तर एवं कीमोथेरेपी के मरीजों के लिये 2 बिस्तर की सुविधा हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई गई है। जिले में किडनी के मरीजों की सुविधाओं के लिए जिला मुख्यालय में ही डायलिसिस सुविधा मिलने से किडनी मरीजों को बहुत राहत मिलेगी, जिससे अन्य जगह उपचार के लिए आवागमन में लगने वाला समय और खर्चे भी बचेंगें। कीमोथेरेपी की सुविधा जो केवल बड़े अस्पतालों में देखने को मिलती थी, अब आसानी से गरियाबंद में ही उपलब्ध होने से कैंसर मरीज लाभान्वित ▶▶| शेष पेज 12 पर

महिला की हत्या के आरोप में फरार पति हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

30 मई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सातपारा में बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आपसी विवाद के बाद आरोपी पति ने फावड़े से प्राणघातक वार कर घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सातपारा निवासी बुजुर्ग दंपत्ति खोरबाहरा बंजारे (75) व रेवती बाई बंजारे (72) का 28-29 मई की दरमियानी रात को किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था जिस पर खोरबाहरा बंजारे ने आक्रोश में आकर फावड़े से रेवती बाई सिर, गला व सीने में फावड़े से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। सुबह गांव वालो ने मृतका की बेटी ग्राम बगौद थाना कुरूद निवासी मीना डहरे को इसकी जानकारी दी व उसने सभी परिजनो को जानकारी देकर गांव बुलाया। समय पर पुलिस नही पहुंचती तो मृतका का अंतिम संस्कार हो जाता- प्राप्त जानकारी के अनुसार ▶▶| शेष पेज 12 पर

मजदूरी कटौती व रोजगार सहायक को हटाने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

फिंगेश्वर। ग्राम रोबा में मनरेगा काम को लेकर श्रमिकों की राशि कटौती के मामले को लेकर रोजगार सहायक को हटाने जनपद पंचायत फिंगेश्वर मे सैक्रड़ों ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक के द्वारा हमारे कार्यों का कम मूल्यांकन कर मजदूरी राशि मे कटौती कर रही है। जससे हम सभी नाराज हैं। वहीं पर कई मजदूरों को काम करने से मना कर रही है। मजदूरी कटौती को लेकर ग्रामीणों मे काफी आक्रोश रहा। शिकायत को लेकर मनरेगा की टीम स्थल पर जांच किया गया जिसमे पाया गया है कि जितना काम उतना दाम के हिसाब से कार्य हुए हैं। काम में लगाये गये मेटों को हटाया जावेगा। रोजगार सहायक की शिकायत की जांच की जा रही है। आज कल आये दिन मनरेगा के कार्यों में राशि कटौती को लेकर शिकायते प्राप्त हो रही है। गांवो से ग्रामीण फिंगेश्वर पहुंचकर अपनी नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। कहीं पर तकनीकी सहायक की शिकायत तो कहीं पर रोजगार सहायक की शिकायत हो रही है।

स्टापडेम को लेकर भाजपा नेता व अफसरों में विवाद बढ़ा

नवापारा-राजिम। नवापारा के सुंदरकेरा गांव में जल संसाधन विभाग के एसडीओ दीपक देव और भाजपा नेता नत्थूराम साहू स्टाप डेम के निर्माण को लेकर आमने- सामने आ गए है। गांव के बहुत ही प्रतिष्ठित वरिष्ठ भाजपा नेता नत्थूराम साहू का कहना है कि गांव के नाला में यदि 1.25 करोड़ रूपए की लागत से स्टाप डेम बन रहा है तो उसका समुचित लाभ किसानों को मिलना चाहिए। इस स्टाप डेम का निर्माण किसानों और ग्रामीणों के मुताबिक चिन्हांकित किए जगह पर होना चाहिए था। ग्रामीणों ने बहुत ही अनुरोध कर शासन से इस राशि को स्वीकृत कराया है। जानकारी के मुताबिक स्टाप डेम के स्थान को लेकर नत्थूराम साहू जब कार्यस्थल में कर्मचारियों से बदसलुकी किया यह कृत्य एक अपराधिक श्रेणी का है आप किस अधिकार से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। इस संबंध में 27 मई को कार्यालयीन समय में दोपहर 3 बजे उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें वर्ना अनावश्यक रूप से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के लिए आपके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। भाजपा नेता नत्थूराम साहू ने बताया कि वे उस नोटिस का जवाब देने एसडीओ के कार्यालय में गए ही नहीं। एसडीओ के धमकी भरे नोटिस को लेकर न केवल ग्रामीणों व किसानो में जमकर आक्रोश है बल्कि पूरे क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता गुस्साए हुए है। अपने आपमें यह एक अलग तरह का मामला बन गया है। यदि कोई जनप्रतिनिधि अपने गांव के कार्यस्थल में जाता है तो क्या अधिकारी वर्ग उन्हें नोटिस भेजकर धमकाएंगे? यदि नत्थूराम साहू ने किसी कर्मचारी-अधिकारी के साथ मौके पर दुर्व्यवहार किया या गाली-गलौच किया हो तो उनके नाम जाहिर ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ सुंदरकेरा नाला स्टाप डेम का मामला

जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में मनरेगा के श्रमिकों को मिल रहा काम

मनरेगा के 2637 कार्यों में 93 हजार 973 श्रमिकों को रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में 333 ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को मनरेगा के माध्यम से काम मिल रहा हैं। मनरेगा योजना से जुडे श्रमिक प्रतिदिन तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, मिट्टी सड़क, नहर सफाई के कार्य प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं अन्य मजदूर मूलक कार्यों में मेहनत करते हुए रोजगार प्राप्त करते हुए परिसंपत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। 30 मई को मनरेगा के 2 हजार 637 कार्यों में 93 हजार 973 श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया गया। इसके अलावा मनरेगा में कार्य करने के लिए श्रमिक और आ रहे है।

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा का कार्य सुचारु रुप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के मांग आधारित मनरेगा के माध्यम से लोगो को रोजगार मिले। इसलिए जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कार्यों को शुरू करते हुए अधिक से अधिक जॉबकार्डधारी परिवार को रोजगार मुहैया कराया जाए, ताकि गांव से पलायन की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही कार्य स्थल पर श्रमिकों को महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधान अनुसार चिकित्सा सहायता, पीने का पानी, छाया एवं पांच वर्ष के कम आयु के बच्चों के देखभाल हेतु महिला श्रमिकों में से किसी एक को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को नियमित रुप से मनरेगा के कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

333 ग्राम पंचायतों में चल रहा काम

जिले की 336 ग्राम पंचायतों में से 333 ग्राम पंचायतों में 2 हजार 637 मनरेगा के कार्य चल रहे हैं। जिनमें 93 हजार 973 मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें जनपद पंचायत छुरा के 74 ग्राम पंचायतों में 539 कार्यों में 20 हजार 461 श्रमिकों को काम मिल रहा है। इसी तरह जनपद पंचायत देवभोग के 54 ग्राम पंचायतों में 441 कार्यों में 15 हजार 860 श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के 69 ग्राम पंचायतों में 401 कार्यों में 18 हजार 756 श्रमिक काम करते हुए रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह जनपद पंचायत गरियाबंद के 62 ग्राम पंचायतो मे 437 कार्यां में 19 हजार 51 श्रमिकों को कार्य दिया जा रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर के 74 ग्राम पंचायतों में 819 कार्यों में 19 हजार 845 श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप

विधायक ध्रुव कार्यकर्ताओं के बीच आज मनाएंगे जन्मदिन

मैनपुर। बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव का जन्मदिन शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा पैरी सदन नाहनबिरी में मनाया जायेगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि विधायक जनक ध्रुव का जन्मदिन 31 मई को सुबह 08 बजे मनाया जायेगा। इस दौरान फल वितरण एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

हरिभूमि की ग्राऊंड रिपोर्ट के बाद शहर के जागरूक जनप्रतिनिधि आए सामने

शासन की मंशा साफ, मेला मैदान के लिए दी 54 एकड़ जमीन और राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला के लिए आरक्षित नए मैदान को लेकर कायदे से संशय की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। हां तो हां या न तो न होना चाहिए। आज की तारीख में इस पर किसी को भी विश्वास नहीं हो रहा कि वास्तव में आरक्षित 54 एकड़ जमीन का उपयोग नए मेला मैदान के रूप में अगले साल फरवरी में मेला लगने के पहले विकसित हो पाएगा। सारा अफसरों के ऊपर निर्भर करता है। शासन की मंशा साफ है इसीलिए तो इतने बड़े रकबे को मेला मैदान के लिए आरक्षित किया है और राशि भी दी है। इस संबंध में शासन स्तर में टास्कफोर्स समिति की बैठक अतिमहत्वपूर्ण होगा। खास बात यह है कि शासन करने वाले राजिम से 45 किमी दूर राजधानी रायपुर में बैठते है और प्रशासन में बैठने वाले अधिकारी 45 किमी दूर गरियाबंद में। मेला जब नजदीक आता है तो वहीं ढाक की तीन पात वाली बात सामने आती है। बहरहाल जब तक नए मैदान में मेला नहीं लगेगा तब तक राजिम शहर के भीतर मेला अवधि में पूरे 15 दिन जाम की स्थिति बनती रहेगी। पुलिस चाहे लाख प्रयास कर ले पर जाम के सामने वे भी मजबूर ही रहती है। हरिभूमि के ग्राऊंड रिपोर्ट के बाद शहर के कईयो जागरूक जनप्रतिनिधि सामने आए इस संबंध में अपना विचार प्रगट किया। विचार प्रगट कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। आज तीसरे दिवस कांग्रेस नेता डेकेश्वर सिंह ठाकुर, भाजपा नेता शरद पारकर और शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रधानपाठक अशोक मिश्रा ने अपना विचार हरिभूमि को लिखकर भेजा है।

डेकेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अपने अंतिम बजट में नवीन मेला मैदान के अधोसंरचना और विकास के लिए राशि स्वीकृत किये जाने के बावजूद मेला मैदान की यथास्थिति दुर्भाग्य पूर्ण है क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के नये मेला मैदान में मेला लगने की घोषणा के बाद भी वहां मेला न लगना और महज तीन महीने में ही मेला मैदान पहुंचने वाली पक्की सड़क का जमींदोज हो जाना गंभीर चिंतन का विषय है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिसिंग व्यवस्था ही एकमात्र उपाय मानना न्यायोचित नहीं है।

निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष **शरद पारकर** ने लिखा है कि राजिम कुंभ मेले को लेकर 54 एकड़ में हो रहे नए मेला मैदान का निर्माण जल्द हो ताकि आने वाले मेला का आयोजन हो सके। मेला देखने वालों की संख्या हर साल बढ़ता ही जा रहा है। चारो तरफ रोड आने -जाने के लिये बनाने के बाद भी जाम लग जाता है। राजिम से चौबेबांधा, नवागांव एनीकेट से लगा खाली नया मेला स्थल में मेला लगने से क्षेत्र का विकास , सोंदर्य करण के साथ रोजगार उपलब्ध होगा। जाम की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

नवदीप जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष **अशोक मिश्रा** ने लिखा है कि नया मेला मैदान में मेला लगना आवश्यक है इसके पूर्ण वहां पर अधोसंरचना का कार्य किया जाना आवश्यक है। जैसे राजीवलौचन मंदिर (लक्ष्मण झूला) से नये मेला मैदान को सड़क मार्ग से जोड़ना, घाटों का निर्माण करना, मैदान का समतलीकरण किया जाना, मैदान मे सड़को का निर्माण, लाइट, पानी टंकी का निर्माण, नल कलेक्शन, गरियाबंद रोड़ से मेला मैदान तक सड़क निर्माण, मुक्ताकाशी मंच, साधु-संतो के लिए कुटिया का निर्माण आदि। तभी वहां पर मेला लगना संभव हो सकेगा।

सरपंच ने बुजुर्गों व माताओं का सम्मान करके मनाया जन्मदिन

राजिम। पोखरा के सरपंच सतीश यादव ने अपना जन्मदिन बहुत ही सादगी के साथ मनाया। वे बुजुर्गों और माताओं का चरण वंदन कर आरती उतारकर उन्ही के हाथो केक कटवाया। गांव के महावीर चौक में रामायण का आयोजन कर समूचे ग्रामवासियो को आमंत्रित किया व पौधे भी वितरित किया। उन्हें क्षेत्र के विधायक रोहित साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने जन्मदिन की बधाई दी।

पेज 11 के शेष...

देहारगुडा पंचायत ...

किया गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी मैनपुर एसडीएम एवं दण्डाधिकारी डॉक्टर तुलसीदास मरकाम के उपस्थिति में कार्यवाही प्रारंभ की गई। सरपंच के अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग किया गया, 10 पंचो एवं सरपंच सहित 11 लोगों ने मतदान किए जिसमें दो मतदान निरस्त हुए जबकि अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में कुल 9 मत पड़े। इस तरह ग्राम पंचायत सरपंच डिगेश्वरी साण्डे अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम डॉ तुलसीदाम मरकाम, नायब तहसीलदार तारेन्द्र ठाकुर, जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ अंजली खलखो, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार धुर्वा, नीरज चोखडे, भावेश ध्रुव, सचिव निर्मल देशमुख, उपसरपंच शिवदयाल, यशमोतिन,बिमला बाई, महेश कुमार दीवान, काजल बाई, देवीसिंह, नील कुमारी, भोजमती सोरी, सियाराम, डुमेश्वरी एवं सभी पंच ग्रामवासी उपस्थित थे।

जिले में डायलिसिस...

होंगे, जो किसी वरदान से कम नहीं है। कीमोथेरेपी के लिए मरीज ओपीडी समय में डॉक्टर रुपेन्द्र महिलांगे के मोबाईल नंबर - 8871831820 से संपर्क कर सकते है। इसके अलावा जल्द ही यहां सुव्यवस्थित पैथोलॉजी लैब के साथ मातृ एवं शिशु सुरक्षा स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया जायेगा, जिससे खून, पेशाब आदि जांच और गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं को भी प्राथमिक जांच तथा सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जायेगी।

महिला की हत्या के...

परिजनो ने मृतका के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कर ली थी तभी गांव वालो ने अभनपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया व पुलिस को मृतका के पति के गायब होने की जानकारी मिलने पर शक के आधार पर पाताशाजी की जिस पर आरोपी के रायपुर में होने की जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने आवेश में आकर हत्या करना स्वीकार किया। अभनपुर पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

भाजपा नेता को ...

करें कि किनके साथ इस भाजपा नेता ने ऐसा दुर्व्यवहार किया? उन्हें तो नोटिस न भेजकर थाने में रिपोर्ट करना था। बता दें कि अंबिकापुर के कंपनी एमएसजीपी बिल्डकॉन ने 20 मई को अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन के नाम एक पत्र देकर जानकारी दिया कि ग्रामीणों के द्वारा कार्यस्थल पर विवाद कर कार्य अवरूद्ध किया जा रहा है। इस पत्र में ठेकेदार ने लिखा है कि फाऊंडेशन का काम लगभग पूर्ण कर लिया गया है किंतु नत्थू साहू द्वारा कार्य को बंद करने कहा गया। श्रमिकों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ गाली-गलौच किया गया एवं कार्य को करने की दशा में श्रमिकों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। ऐसे में साइड पर कार्य करना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। ये पत्र ठेकेदार द्वारा 20 मई को लिखा गया है और उसी 20 तारीख में ही जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 1 के अनुविभागीय अधिकारी दीपक देव ने ठेकेदार के इस पत्र का हवाला देते हुए नत्थूराम साहू को नोटिस भेज दिया। किसानों की मांग और उनकी मंशा को समझने और सुलझाने की बजाए ठेकेदार से पत्र लिखवाकर उसकी आड़ में एसडीओ दीपक देव ने मामले को उलझाने का पूरा प्रयास किया है। इस बात को विभाग के अधिकारी भी समझे है। अधिकारियो की एक टीम गुरूवार को सुंदरकेरा पहुंचकर कार्यस्थल का मुआयना किया। इस टीम में एसडीओ दीपक देव नहीं गए थे। देर शाम भाजपा नेता नत्थूराम साहू ने बताया कि वे कार्यस्थल में अधिकारियों के टीम के साथ मुलाकात किए। किसानों की मंशा से अवगत कराया साथ ही कहा कि 1.25 करोड़ रूपए की लागत से ये स्टाप डेम बनने जा रहा है जिसका समुचित लाभ किसानों को मिलना चाहिए इस उद्देश्य से इसका निर्माण कार्य किया जाना चाहिए। हमने यही मांग रखा था जिसे तिल का ताड़ बनाने में एसडीओ दीपक देव लग गए। नत्थूराम साहू ने अधिकारियो से साफ-साफ कहा कि वे किस अधिकारी के साथ कार्यस्थल में दुर्व्यवहार किए? गाली-गलौच किए? जान से मारने का धमकी दिए? इसकी जांच होनी चाहिए वर्ना झूठे नोटिस भेजने वाले एसडीओ दीपक देव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

मा. सोनिया गांधी
मा. मल्लिकार्जुन खड़गे
मा. राहुल गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. सचिन पायलेट
मा. भूपेश बघेल
मा. चरणदास महंत
मा. दीपक बैज
मा. शिवाजीराव मोघे
मा. मोहन मरकाम
मा. ताम्रध्वज साहू
मा. अमरजीत भगत
मा. मलकीत सिंह गेंदू
मा. अम्बिका मरकाम
मा. स्मृति ठाकुर
मा. भावसिंह साहू
मा. संजय नेताम
बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक
माननीय जनक ध्रुव जी
के जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
31 मई
रामकृष्ण ध्रुव
अध्यक्ष - ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर
माननीय जनक ध्रुव जी
विधायक - बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र जिला गरियाबंद
गेंदू यादव
महामंत्री - ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर
हेमसिंह नेगी
खेदू नेगी
टीकम कपील
बलदेव राज ठाकुर
प्रियंका कपील
सोहन नागेश
नीरज ठाकुर
चित्रांश ध्रुव
हरिशचन्द्र नेगी
गुलाम मेमन
डोमार साहू
चैनसिंह नेताम
अशोक दुबे
पिलेश्वर सोरी
जन्मजय नेताम
रामसिंह नागेश
नेयाल नेताम
नजीब बेग
हरचन्द्र ध्रुव
आरिफ मेमन
लिकेश यादव
गजेन्द्र नेगी
खेलन साहू
शाहिद मेमन
सामंत शर्मा
इम्तियाज मेमन
हरिश्वर पटेल
ठाकुर राम यादव
अफजल खान
दयाराम
शांतुराम यादव
जाकीर राजा
तीव सोनी
थानु पटेल
विरेन्द्र श्रीवास्तव
पारेश्वर नेगी
पवन दीवान
दुलेश्वरी नागेश
डिगेश्वरी साण्डे
नीरा कपील
लोकेश नागेश
गौतम सिन्हा
दामोदर मरकाम
गुंजेश कपील
रोहन मरकाम
तनवीर राजपूत
सोनू यादव
विरेन्द्र राजपूत
दुलेन्द्र नेगी
सुखचन्द्र ध्रुव
देवीसिंह कमलेश
भुनेश्वर नेगी
पुरन मेश्राम
राहुल निर्मलकर
गौकरण नेगी
भानू सिन्हा
रुपेन्द्र सोम
जगदीश जगत
रूपेश मसीह
विनित बाघमार
दीपक मंडावी
हेमंत नेताम
भुवन यादव
जगबंधु सिन्हा
रामस्वरूप मरकाम
भूपेन्द्र ध्रुव
रोशन राठौर
चंदा बारले
हबीब मेमन
गजेन्द्र यादव
नंदकिशोर पटेल
वरुण पटेल
बृजलाल सोनवानी
गैयचंद कोमर्रा
धरमीन शोरी
पुस्तम मांझी
बनसिंग शोरी
जिलेन्द्र नेगी
विनीत: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

खबर संक्षेप

परकोम में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 7 से

नर्रा। ग्राम परकोम में स्व. देवी प्रसाद चतुर्वेदी, स्व. नर्मदा, स्व. दुखवा प्रसाद, रामनारायण चतुर्वेदी एवं स्व. बलदाऊ पांडे की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 जून शुक्रवार से 15 जून शनिवार 2024 तक रखा गया है। कथावाचक पंडित सुरेन्द्र तिवारी धरमबांधा पतोरा ओडिशा एवं परायणकर्ता मनोज तिवारी होंगे। आयोजक व मुख्य यजमान किशोर चतुर्वेदी, जानकी, बिमला चतुर्वेदी होंगे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से होगा।

खदरही बांध में निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप जारी

महासमुंद। जिले के विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत खदरही बांध में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ग्राम गाड़ाघाट के सरपंच सहित ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य व्यय प्राक्कलन के अनुरूप ही कृषि विभाग द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा तहसीलदार बागबाहरा को खदरही बांध में अतिक्रमण के विषय में आवेदन किया गया है, ना कि खदरही बांध में मरम्मत कार्य में हो रही गड़बड़ी के संबंध में। समस्त ग्रामवासियों के प्रस्तुत आवेदन में प्रगतिरत निर्माण कार्य में कोई आपत्ति नहीं की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कृषि उप संचालक को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

नवकिरण में फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस कल से

महासमुंद। जिला प्रशासन द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 जून 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नवकिरण अकादमी के समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 जून 2024 से सायःकालीन में शाम 4 से 7 बजे तक क्लास संचालित होगी।

निधन

धनी राम साहू

कोपरा। ग्राम देवरी निवासी धनी राम साहू (49) का मंगलवार शाम को निधन हो गया। जिनका बुधवार को गृह ग्राम देवरी में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कुमारी कशिश साहू



मैनपुर। ग्राम हरदीभाठा निवासी कुमारी कशिश साहू 19 वर्ष का बुधवार निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे वरिष्ठ व्यवसायी महेन्द्र साहू की पुत्री एवं भाजपा महामंत्री दिलीप साहू की भतीजी थी।

सुविधा: जिले के 78 स्थानों पर लगाई गई है सोलर हाईमास्क लाइट

बिजली विहीन ग्रामों के लिए सोलर हाईमास्ट लाइट वरदान, ग्रामीणों को मिल रहा है लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में सोलर हाई मास्क लाइट ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है और इसका लाभ दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को मिल रहा है। क्रेड़ा विभाग द्वारा गरियाबंद जिले में 78 स्थानों पर सोलर हाईमास्क लाइट लगाई गई है और मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के गरीबा, कुचेंगा, गोना, मोंगराडीह, बरगांव, भुतबेडा, शोभा, कोकडी, गोना, उरमाल, मटिया, गौरगांव, जिडार, खोखमा, मुडगेलमाल, अडगडी, गोहरापदर, झरगांव, मैनपुरखूर्द, गरहाडीह, धौराकोट, झीरीपानी, केकराजोर एंव देवभोग विकासखण्ड में खोखसर्रा, घोघर, नवागुडा,माडागांव, रोहनीगुडा, बरबहाली, मालीपारा, झाखरपारा, सीनापाली, निष्टीगुडा, दहीगांव सहित कई ग्रामो में सोलर हाईमास्क लाईट लगाई गई है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। क्योंकि बिजली बंद हो जाने पर भी सोलर हाईमास्क लाईट जलने से गांव के धार्मिक व सामाजिक तथा इन दिनों विवाह का कार्य इन स्थानों पर आसानी से किया जा रहा है, हांलाकि कुछ स्थानों पर बल्ब खराब होने की जानकारी भी मिल रही है।

बिजली संचालित हाईमास्क स्ट्रीट लाइट हो रही दिखावा साबित

वहीं दूसरी ओर बिजली द्वारा संचालित हाईमास्क स्ट्रीट लाईट मैनपुर नगर के 5 स्थानों पर लगाया गया है। जिसमें लाखों रूपये खर्च किया गया है तो वहीं दूसरी ओर मैनपुर पैरी स्टेडियम में भी डीएमएफ मद से लाखों रूपये खर्च कर हाईमास्क स्ट्रीट लाईट लगाय गया है जो सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है।

सूचना मिलने पर तत्काल सुधार

क्रेडा विभाग के गरियाबंद जिला अधिकारी टीआर ध्रुव ने बताया कि पूरे गरियाबंद जिले में 78 स्थानों पर सोलर हाईमास्क लाईट लगाया गया है। मैनपुर ब्लॉक में 30 स्थानों पर तो देवभोग में 13 स्थानों पर लाईट लगाई गई है जहां भी खराबी होने की जानकारी मिलती है तो तत्काल सुधार किया जाता है। जिसमें 5 वर्षों की मरम्मत की गारंटी होती हैं।

दुधिया प्रकाश से गांव रोशन

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में कई ग्रामों में बिजली की रौशनी आजादी के 75 वर्षों बाद भी नहीं पहुंची है, ऐसे ग्रामों में सोलर हाईमास्क लाईट काफी वरदान साबित हुआ है, गांव के मुख्य चौक चौराहों में सोलर हाईमास्क लाईट जलने से लोगों को काफी सुविधा मिली है और अंधेरे भरी रात में दुधिया रौशनी की प्रकाश से गांव में रौशनी फैल रही है।

सोलर हाईमास्ट लाइट के नीचे सप्ताहिक बाजार

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में प्रत्येक सोमवार को विकासखण्ड के सबसे बड़े साप्ताहिक बाजार लगता है और मैनपुर नगर में स्ट्रीट लाईट के बिजली बिल का भुगतान नहीं होने के कारण वर्षों से स्ट्रीट लाईट बंद हो गया है और तो और साप्ताहिक बाजार के बीचों- बीच सोलर हाईमास्क लाईट लगा देने से देर रात तक मैनपुर साप्ताहिक बाजार में आसानी से जहां लोगों की भीड खरीदारी करते दिखाई देती हैं। मैनपुर नगर सहित मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के पूरे 74 ग्राम पंचायतों के साथ खासकर बिजली विहीन ग्रामों में सोलर हाईमास्क लाईट और लगाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किया जाना चाहिए।

10वीं की छात्रा टोमेश्वरी को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव

कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में गरियाबंद जिले के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को जिला कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के करकमलों द्वारा गरिमामयी समारोह में पुरस्कृत किया गया। छुरा ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा स्कूल की छात्रा टोमेश्वरी दीवान को कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में 95% प्राप्त करने एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य जी.पी.वर्मा एवं सभी शिक्षकों की प्रशंसा की जा रही है। प्राचार्य जीपी वर्मा विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए जिले में चलने वाले उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान को भी श्रेय देते हुए विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेंहनत एवं विद्यार्थी की लगन का परिणाम बताया है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने विद्यालय प्रशासन को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रगति रुकनी नही चाहिए, उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और सतत प्रयास जारी रखें। इस गत दिवस जेडी महोदय राकेश पांन्डे ने इस विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब, ऑक्सीजोन एवं समर कैम्प का निरिक्षण किया।



सड़क के दोनों ओर मुरूम डालकर मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव युवा अधिवक्ता आकाश दीक्षित ने की गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर छुरा नगर से गरियाबंद मुख्य मार्ग जो कि सिंगल रोड होने के कारण दुर्घटना जनक रोड है। राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विगत समय में भी उसे रोड में दुर्घटनाएं हुई है, उन सब बातों को ध्यान में रखते हुए दीक्षित ने कलेक्टर महोदय से आग्रह किया की बरसात के पहले ही रोड के दोनों ओर मुरूम से मरम्मत करा दिया जाए ताकि राहगीरों को आने-जाने में सुविधा हो। कलेक्टर महोदय ने बड़ी विनम्रता के साथ इसे स्वीकार किया। छुरा ब्लॉक के आसपास के बहुत से छात्र-छात्राएं भी गरियाबंद नगर में कॉलेज व स्कूल में शिक्षा ग्रहण के लिए आते है। उन्हें भी सुविधा मिलेगी इस बात को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की और आग्रह किया।

चित्रकला स्पर्धा में कमला प्रथम

गरियाबंद। भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 2024 को भूमि पुनरुद्धार मरुस्थलीकरण और सुख पुनर्द्धार की थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत देवभोग विकासखंड में परियोजना अधिकारी वाटरशेड एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाखरपारा के शाला प्रबंधन की संयुक्त तत्वाधान में आज चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं से लेकर 12वीं तक की छात्र-छात्राएं शामिल हुए। चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी कमला मरकाम एवं मुस्कान नागेश प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार किशोर बंजारा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर नंदनी यादव और चंद्रवती यादव रही। रंगोली प्रतियोगिता में मेरी लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर इन्वोरमेंट) थीम को सजाने वाली टीम जिसमें सोना, सरस्वती, हेमपुष्पा एवं पुष्पांजलि को विशेष पुरस्कार दिया गया। परियोजना अधिकारी नरसिंग ध्रुव द्वारा जल एवं मृदा संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर झाखरपारा स्कूल के प्राचार्य कृष्ण चंद्र बघेल, सर्वेयर जगजीवन ध्रुव, अविनाश खलको, घासीराम यदु एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

गोठान से ही गायों का संरक्षण संभव अभ्यारण सस्ती राजनीति के लियेः टिकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू व युवा कांग्रेस नेता तेजेश यदू ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई गोधन न्याय योजना का नाम बदलकर गौ अभ्यारण किया जा रहा है।

भाजपा सरकार के पास गौ सेवा के लिये कोई प्लानिंग नहीं है।कांग्रेस सरकार में 10 हजार से अधिक गौठान बने थे 3 लाख एकड़ सरकारी जमीन संरक्षित हुयी थी। गोठान में परंपरागत व्यवसाय को शुरू किया गया।तेल परोई, लौहार, बढ़ई को काम मिलता था। पशुधन के लिये चारा पानी, दवाई की व्यवस्था होती थी।महिला स्वसहायता समूह दो किलों में गोबर 4 रूपये में गौ मूत्र खरीदी करते थे। गौठान से वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद बनाये जाते थे, जो 5 माह से बंद है। अब नाम बदलकर उस योजना को फिर शुरू किया जा रहा है। सरकार द्वारा गायों के संरक्षण के लिये बनाये जाने वाले गौ अभ्यारण पर सवाल खड़ा करते हुये ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा कि गायों और गोवंश संरक्षण की बेहतरीन योजना गौठान, गोधन न्याय योजना को बंद कर दिया। अब राज्य सरकार को गायों का संरक्षण और गोधन संरक्षण की याद आ रही है। गौठान ऐसी योजना थी जहां ग्रामवासियों को जोड़कर गोवंश का संरक्षण किया जाता था। इस योजना में गोवंश के साथ महिला समूहों के भी आर्थिक उन्नति का मार्ग खुला था। गोधन न्याय योजना में हर आदमी का फायदा था, पशुपालक चरवाहे गोबर बेचकर मुनाफा कमा रहे थे इसके साथ ही गायों का संरक्षण होता था और गायों को दाना, पानी मिलता था।

■ गोवंश जंगली जानवर नहीं हर गांव में सैकड़ों है, कितने अभ्यारण बनायेंगे? : तेजेश

सरकार बदलने पर राजनैतिक विद्वेष के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस योजना को बंद किय है। अब गौवंश अभ्यारण योजना चालू करने जा रहे है कितना भी अभ्यारण बना ले आखिर में गौठान में आना ही पड़ेगा। युवा कांग्रेसी नेता तेजेश यदू ने कहा कि इससे पहले भाजपा ने गौशालओं बनाकर भाजपा के नेताओं को करोड़ो का अनुदान दिया था।तब गौशालाओं में गाये मरा करती थी।गायों के सरंक्षण के लिये सबसे अच्छी योजना गौठान है इसे फिर से पुनः जीवित किया जाये और गोधन न्याय योजना चालू किया जाये। युवा कांग्रेसी नेता तेजेश यदू ने कहा कि मुख्यमंत्री बताये पूरे प्रदेश में कितने गोवंश अभ्यारण बनाये जायेंगे? गायों के संरक्षण के लिये गौठानों से बढ़कर कोई योजना नही है।गोवंश जंगल में रहने वाले प्राणी नही है। हर गांव में सैकड़ों की संख्या में पालतू पशु है उन सबके लिये कितने अभ्यारण बनायेंगे? गौवंश की सही देखभाल गांव के स्तर पर गोठानों में ही हो सकती है। अंततः सरकार को उसी योजना को आगे बढ़ाना चाहिए।

स्कूलों में लगने वाला समर कैंप स्थगित

राजिम। राज्य शासन के शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समरकैंप आयोजित करने आदेश जारी किया था। इस आदेश के परिपालन में प्रदेश के सभी स्कूलो में समरकैंप आयोजित किया जा रहा था। इस समरकैंप में बच्चों को शिक्षा और खेलकूद के अलावा रचनात्मक गतिविधियो में संलग्न कर विविध नए-नए तकनीक की जानकारी दी जा रही थी। परंतु इस बीच पूरे प्रदेश में लू का कहर चलने लगा। यदि गरियाबंद जिले की बात करे तो यहां भी तापमान 45 डिग्री से ऊपर चला गया। हरिभूमि ने इसे प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया। तदनुसार 30 मई को छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने प्रदेश के सभी कलेक्टर और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को शासकीय पत्र भेजकर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू को मद्देनजर रखते हुए शासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समरकैंप को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने आदेश जारी किया है। इस आदेश के जारी होते ही सभी स्कूलों के प्राचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस लिया है। हालांकि समरकैंप के इस आयोजन को अनिवार्य नहीं किया गया था अपने रूचि के मुताबिक बच्चे इसमें भाग ले सकते थे। शासन के इस आदेश के बाद राजिम के नवदीप जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। मिश्रा ने कहा कि तापमान को देखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों के ऊपर विपरीत असर पड़ रहा था इससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

होटलों में जलाए जा रहे कोयला व लकड़ी के चूल्हे को पालिका ने किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदूषण रोकने के लिए नगर पालिका ने शहर के होटलों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे जलाने पर प्रतिबंध लगा है। बावजूद होटलों में खुलेआम ऐसे चूल्हे का प्रयोग किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने टीम के साथ तुमगांव रोड में स्थित होटलों में जलाए जा रहे कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे को ध्वस्त किया और दुकानदारों को भविष्य में ऐसे चूल्हे का प्रयोग करने पर जुर्माना के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि शहर में प्रदूषण रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत शहरी क्षेत्र के होटलों एवं फुटपाथी चाय एवं नाश्ते की दुकानों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताकि, शहर के लोग प्रदूषण का शिकार कम हो सके।

कलेक्टर ने प्राचार्य व छात्रों को किया सम्मानित

छुरा। उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान के तहत कलेक्टर गरियाबंद द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम छुरा के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। अवगत हो की पिछले वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। जिसमें एक छात्रा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य प्रवीण्य सूची में 6वां स्थान प्राप्त किया था इस वर्ष भी कक्षा 10वीं में एक छात्रा कुमारी जिज्ञासा साहू 96.83 प्रतिशत के साथ 2 अंकों से राज्य प्रवीण्य सूची से वंचित हो गई। उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान के तहत बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए पिछले वर्ष से उड़ान कार्यक्रम का संचालन पूरे जिले में किया जा रहा है जिसके बेहतर परिणाम भी इस वर्ष देखने को मिले। कलेक्टर ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले सभी संस्था प्रमुख एवं छात्र- छात्राओं को बधाई दिया और अगले वर्ष और ऐसे बेहतर परिणाम देने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में डीईओ गरियाबंद डीएमसी जिले के सभी विकासखंड अधिकारी नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर मनोज केला प्राचार्य गण एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

युवा वर्ग में नशा कि प्रवृत्ति बढ़ रही जो चिंताजनकः ध्रुव

रसेला। युवा पीढ़ी लगातार नशे का शिकार होते जा रहे हैं। आए दिन युवाओं में बढ़ते नशाखोरी के मामले देखने को मिल रहें हैं। यही हाल नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी है। यहां पर भी आए दिन युवा वर्ग को चोरी छीपे नशा करते आसानी से देखा जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद भी न तो इस ओर स्थानीय प्रशासन ध्यान दें रहा है और न ही युवाओं के परिजन। जिससे यह समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। युवा व कम उम्र के बच्चे नशे की गर्त में डूब अपना भविष्य के साथ अपना जीवन समाप्त करने पर तुले हुए हैं। यह जरूर कहा जाता है कि नशा एक अभिशाप है, यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। ये युवक गांजा और शराब नशे के लिए साथ भरपूर प्रयोग कर रहे हैं। नशे के लिए शराब, जर्दायुक्त गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान सहित अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

सरपंच **बिगेन्द्र ठाकुर** ने कहा कि आधुनिक युग में जहां हम तकनीकी रूप से सुविधा संपन्न बनते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी अवसाद और तनावग्रस्त होती जा रही है। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, अभिभावकों की अपेक्षाओं का भार और प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने का डर उसे अवसाद की तरफ धकेलता है। बढ़ती महत्वाकांक्षा, आपसी सहयोग की कमी, अपनो से बड़ों से दूरी समस्या की जड़ है। युवाओं को समय-समय पर परामर्श देकर उनको संभाला जा सकता है।

जिला पंचायत सदस्य **केशरी ध्रुव** ने कहा कि आजकल खासकर युवा वर्ग में नशा कि प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है जो चिंताजनक है। इसकी मुख्य कारण है कि आजकल समाज में नशे को शान का प्रतीक समझा जाने लगी है। युवा वर्ग भी नशा करने में अपनी शान समझती है और वह अन्य साथियों को भी इस तरह प्रेरित करती है कि उन्हें भी नशा करना प्रतिष्ठा का विषय लगने लगती है।

अकेलेपन युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ाते हैं : ठाकुर

पूर्व जनपद सदस्य नारायण ठाकुर ने कहा कि खराब सगतए सामाजिक रिश्तों में दूरी व अकेलेपन का अधिक होना युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ाते हैं। परिवारजन जब अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते। इससे बच्चे नशे के जाल में उलझ जाते हैं। कनसिधी के सरपंच पिली बाई कुंजाम ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के अनेक कारण हैं। नशे की उपलब्धता एवं पहुंच आसान होने से भी नशे की प्रवृत्ति बढ़ी है। सोशल मीडिया ने भी नशे के कारोबार को प्रचारित किया है। वर्तमान में बढ़ती बेरोजगारी में मानसिक अवसाद दूर करने के लिए भी युवा नशे का सहारा लेती है। अतः इन सब पर ध्यान देकर हमें समस्या का निराकरण करनी होगी।